# विश्व स्वास्थ्य संगठन में शीघ्र बदलाव की आवश्यकता: डॉ. हर्षवर्धन

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने शंघाई सहयोग संगठन की मंत्रियों की बैठक को किया संबोधित

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने शंघाई सहयोग संगठन की मंत्रियों की बैठक में कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन में बदलाव की तुरंत आवश्यकता है। बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में भाग लेते हुए डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि कोरोना महामारी को 18 महीने बीत गए हैं, इसके कारण सभी देश प्रभावित हुए हैं। इस महामारी ने यह सिखाया है कि कोई भी सुरक्षित नहीं है, अगर एक भी असुरक्षित है। इसलिए सभी को मिलकर कोरोना से निपटने की दिशा में काम करने की आवश्यकता है।




उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी में कोरोना वायरस में नितदिन नए बदलाव ने दुनिया की चिंताएं बढ़ा दी हैं। इससे लड़ने के लिए पूरे विश्व को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। इस महामारी के कारण सभी देशों की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। इसलिए सभी देशों को आपसी सहयोग से इस महामारी को हराने की दिशा में काम करना चाहिए। भारत ने वैक्सीन मैत्री योजना के तहत कई सहयोगी देशों को कोरोना रोधि वैक्सीन मुहैया कराई है।

उन्होंने कहा कि इस महामारी में आयुर्वेद और पारंपरिक आषैधियों के इस्तेमाल का चलन बढ़ा है। इससे लोगों की रोगों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता पैदा हुई है।

# यूरोप में भारतीय टीकों को मान्यता मिले: भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने यूरोपीय संघ के सदस्य देशों से कोविड के भारतीय टीकों एवं कोविन प्रमाणपत्र को मान्यता देने का आग्रह करते हुए कहा है कि ऐसा होने पर ही भारत में यूरोपीय संघ के डिजिटल कोविड प्रमाणपत्र को कोविड प्रोटोकॉल से छूट दी जायेगी। सूत्रों ने यहां बताया कि गुरुवार एक जुलाई से प्रभावी यूरोपीय संघ डिजिटल कोविड प्रमाणपत्र फ्रेमवर्क में कोविड महामारी के दौरान मुक्त आवाजाही सुलभ होगी। इसके तहत यूरोपीय मेडिकल एजेंसी (ईएमए) द्वारा अधिकृत टीके लगवाने वाले लोगों को यूरोपीय संघ के दायरे में यात्रा प्रतिबंधों से छूट मिलेगी। सदस्य देशों को यह अधिकार भी है कि वे राष्ट्रीय स्तर पर या विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अधिकृत किसी टीके को मान्यता दे सकते हैं। सूत्रों के अनुसार भारत ने यूरोपीय संघ के सदस्य देशों से आग्रह किया है कि वे अपने राष्ट्रीय स्तर पर भारत में कोविड टीका लगवाने वाले लोगों को भी इसी तरह की छूट प्रदान करें और कोविन पोर्टल पर जारी प्रमाणपत्र को मान्यता दें।

# सीए परीक्षा से ऑप्ट आउट का विकल्प देने का 'सुप्रीम' निर्देश

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क

उच्चतम न्यायालय ने उम्मीदवारों को चार्टर्ड अकाउंटेंट्स परीक्षा 2021 से बाहर निकलने (ऑप्ट आउट) का विकल्प देने का इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) को निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय खंडपीठ ने बुधवार को कहा कि आईसीएआई द्वारा मुहैया कराई गई योजना पर्याप्त नहीं है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि सीए की आगामी परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार इससे हट सकते हैं, अगर वे या उनके परिवार का कोई सदस्य कोरोना महामारी से पीड़ित हुआ है।

इससे पहले आईसीएआई ने एक शहर से दूसरे शहर में परीक्षा केंद्र बदले जाने पर ऑप्ट आउट ऑप्शन देने की बात कही थी।



खंडपीठ में न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस भी शामिल हैं। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि परीक्षा से हटने के अनुरोध के साथ परिवार के सदस्यों के लिए किसी रजिस्टर्ड डॉक्टर द्वारा जारी मेडिकल सर्टिफिकेट पेश किया जाता है तो उम्मीदवार को आरटी-पीसीआर जांच रिपोर्ट पेश करने की आवश्यकता नहीं है।

# कांग्रेस ने कसा तंज- रामदेव को वित्त मंत्री बनाए सरकार

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क

कांग्रेस ने तंज कसते हुए कहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण देश के वित्तीय हालत सुधारने में सफल नहीं हो रहीं है इसलिए दिवालिया कंपनी खरीद कर उसे बुलंदी पर पहुंचाने वाले बाबा रामदेव को देश का वित्तमंत्री बनाना देना चाहिए।



कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि बाबा रामदेव का बिजनेस मॉडल असाधारण है। उन्होंने पांच महीने में रुचि सोया का 17 रुपये का शेयर बढ़ाकर 1535 रुपए तक पहुंचा दिया। कंपनी की कीमत 2019 में 3450 करोड रुपए थी उसे बढ़ाकर आज 35,360 करोड़ रुपए पर लाके खड़ा कर दिया है।

उन्होंने कहा कि रुचि सोया ने 2017 में दिवालिया होने की अर्जी लगाई और नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल ने उसी साल सितंबर में उसकी अर्जी स्वीकार कर ली। कंपनी ने 12146 करोड़ रुपए अलग-अलग बैंकों से कर्ज़ लिया था। बाद में जब सेटलमेंट हुआ तो भारतीय स्टेट बैंक 1816 करोड़ में से सिर्फ 883 करोड़ रुपए ही वापस ला पाने में समर्थ हो सका है।

प्रवक्ता ने कहा कि उसके बाद पतंजलि ने रुचि सोया को 4350 करोड़ रुपए में खरीदा और इसके लिए उसने स्टेट बैंक से 3250 करोड़ रुपए का ऋण लिया। एक बार दिवालिया हो चुकी कंपनी के शेयर पतंजलि के अधिग्रहण के बाद आज आसमान छू रहे हैं और कंपनी जबरदस्त कमाई कर रही है।

उन्होंने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि देश के प्रतिष्ठित स्टेट बैंक ने एक डूबी हुई कंपनी के लिए पतंजलि को ऋण दिया और खुद 2100 से 2200 करोड़ रुपए का नुकसान उठाया। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण की जांच होनी चाहिए और मोदी को देश को इस बारे में जवाब देना चाहिए।

# नगालैंड छह महीने के लिए अशांत क्षेत्र घोषित

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने पूर्वोत्तर राज्य नगालैंड को आज से छह और महीने के लिए अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया है। गृह मंत्रालय की बुधवार को जारी अधिसूचना में कहा गया है कि केन्द्र सरकार का मानना है कि समूचे नगालैंड में स्थिति अशांत तथा खतरनाक है और वहां नागरिक प्रशासन के सहयोग के लिए सशस्त्र सेनाओं की मदद जरूरी है। इसे देखते हुए केन्द्र सरकार ने सशस्त्र सेना (विशेषाधिकार ) अधिनियम 1958 के तहत समूचे नगालैंड को बुधवार से छह महीने के लिए अशांत क्षेत्र घोषित कर दिया है।

# परिसीमन आयोग 6 जुलाई को जाएगा जम्मू-कश्मीर

**नई दिल्ली** ■ एजेंसियां/डेस्क

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जम्मू-कश्मीर के प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं की मुलाकात के कुछ दिन बाद बुधवार को जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के परिसीमन आयोग की 6 जुलाई से 9 जुलाई के बीच की यात्रा की घोषणा की गई।

यात्रा के दौरान आयोग राजनीतिक दलों, जनप्रतिनिधियों और केंद्र शासित प्रदेश के अधिकारियों से परिसीमन के बारे में विचार-विमर्श करेगा। इन अधिकारियों में 20 जिलों के चुनाव अधिकारी व उपायुक्त भी शामिल हैं।



जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम-2019 के तहत परिसीमन जरूरी है। परिसीमन आयोग का पिछले साल मार्च में गठन किया गया था और इसके कार्यकाल को कोरोना महामारी को देखते हुए इस वर्ष मार्च में एक साल के लिए बढ़ा दिया गया था।

चुनाव आयोग के अनुसार आज परिसीमन आयोग ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता और मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा की उपस्थिति में जम्मू-कश्मीर यात्रा संबंधी फैसला किया। आयोग में 5 सदस्य हैं। इन्हें लोकसभा अध्यक्ष ने मनोनीत किया है। आयोग पहले ही जानकारी जुटाने जिलों के मानचित्र और निर्वाचन क्षेत्रों की 2011 से संबंधित जनगणना के आंकड़ों पर चर्चा कर चुका है।

चुनाव आयोग के अनुसार परिसीमन आयोग की अपेक्षा है कि सभी अपने महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए परिसीमन की प्रक्रिया को समय से पूरा करने के लिए अपना सहयोग दें।

# महाराष्ट्र में कोरोना 9771 नए मामले, 141 मरीजों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बुधवार को कोरोना के 9771 नए संक्रमित मरीज मिले हैं तथा 24 घंटे में 141 कोरोना मरीजों की मौत हुई है। राज्य में कोरोना के कुल 116364 मरीजों का इलाज जारी है। इनमें मुंबई में 12574 एक्टिव कोरोना मरीज शामिल हैं। नागपुर मंडल में आज 88 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं और 02 लोगों की कोरोना से मौत हुई है।

स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि राज्य में आज 10353 कोरोना मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर लौटे हैं। राज्य में अब तक 41637950 लोगों की कोरोना जांच की गई और इनमें से 6061404 कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। इनमें से 5819901 कोरोना संक्रमित पूरी तरह से स्वस्थ होकर अपने घर लौट चुके हैं। राज्य में अब तक 121945 कोरोना संक्रमितों की मौत हो चुकी है। सूबे में कोरोना से ठीक होने की दर 96.02 फीसदी और मृत्यू दर 2.01 फीसदी है। उन्होंने कोरोना नियमों का कठोरता से पालन करने की अपील नागरिकों से की है।


**GALLANTT**

**GALLANTT METAL LIMITED**

CIN: L27109DL2005PLC350524
Registered Office: "GALLANTT HOUSE", I-7, Jangpura Extension, New Delhi – 110014
Telefax: 011-45048767; www. gallantt.com; E-mail: csgml@gallantt.com

**Extract of Statement of Financial Results for the quarter and year ended 31st March, 2021**

(₹ in Lakhs, except per share data)

| Sl. No. | Particulars | STANDALONE | | | | | CONSOLIDATED | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year Ended | | Quarter Ended | | | Year Ended | |
| | | 31-Mar-21 (Audited) | 31-Mar-20 (Audited) | 31-Dec-20 (Unaudited) | 31-Mar-21 (Audited) | 31-Mar-20 (Audited) | 31-Mar-21 (Audited) | 31-Mar-20 (Audited) | 31-Dec-20 (Unaudited) | 31-Mar-21 (Audited) | 31-Mar-20 (Audited) |
| 1 | Total income from operations | 35538.66 | 20766.36 | 30802.64 | 100936.57 | 86618.87 | 35538.66 | 20766.36 | 30802.64 | 100936.57 | 86618.87 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax and Exceptional items) | 4421.66 | 1004.18 | 3575.76 | 8797.99 | 1289.02 | 4421.66 | 1004.18 | 3575.76 | 8797.99 | 1289.02 |
| 3 | Net profit for the period (before Tax and after Exceptional items) | 4421.66 | 1004.18 | 3575.76 | 8797.99 | 1289.02 | 4421.66 | 1004.18 | 3575.76 | 8797.99 | 1289.02 |
| 4 | Net Profit from ordinary activities (after Tax and Exceptional Items) | 2905.60 | (141.80) | 2363.58 | 5678.61 | 748.23 | 3793.84 | 741.37 | 3244.54 | 8140.22 | 2240.86 |
| 5 | Total comprehensive income for the period (after Tax) | 2930.70 | (147.68) | 2363.22 | 5702.93 | 747.20 | 3840.51 | 735.28 | 3245.05 | 8188.43 | 2242.92 |
| 6 | Equity Share Capital | 8132.23 | 8132.23 | 8132.23 | 8132.23 | 8132.23 | 8132.23 | 8132.23 | 8132.23 | 8132.23 | 8132.23 |
| 7 | Earnings Per Share (in Rs.) of Rs 10 each (not annualised) | | | | | | | | | | |
| | a) Basic | 3.57 | (0.17) | 2.91 | 6.98 | 0.92 | 4.67 | 0.91 | 3.99 | 10.01 | 2.76 |
| | b) Diluted | 3.57 | (0.17) | 2.91 | 6.98 | 0.92 | 4.67 | 0.91 | 3.99 | 10.01 | 2.76 |

**Notes:**

1) The above financial results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held on 29th June, 2021.
2) The figures of the quarter ended 31 March 2021 and 31 March 2020 are the balancing figures between the audited figures in respect of the full financial year and the published year to date figures upto the third quarter of the respective financial years.
3) This is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the websites of NSE and BSE at ww.nseindia.com and www.bseindia.com respectively and also on the Company's website www.gallantt.com
4) Board has not recommended Dividend on the Equity Shares Tax expenses include current tax, deferred tax and adjustment of taxes for the previous period, if any
5) Previous period / year figures have been re-arranged / re-grouped, re-classified and restated wherever considered necessary.

Place: Gorakhpur
Date : 29th June, 2021

For and on behalf of the Board of Directors
C.P. Agrawal
Managing Director
(DIN:01814318)



**FORTUNE INDUSTRIAL RESOURCES LIMITED**

CIN: L51503DL1986PLC024329
Regd. Office:- 25, Bazar Lane, Bengali Market, New Delhi-110001
Tel. No.: 011-43585000, Fax: 011-43585015, E-mail: firl.nbfc@gmail.com, Website: www.firl.co.in

**Audited Standalone Financial Results for the Quarter and Year Ended 31st March, 2021**
Regulation 47(1)(b) of SEBI (LODR), 2015 (Rs. In Lacs)

| Sr. No. | Particulars | Standalone | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | Year Ended |
| | | 3 Months ended 31.03.2021 audited | 3 Months ended 31.03.2020 audited | 12 Months ended 31.03.2021 audited |
| 1. | Total Income from Operations | 6.62 | 12.85 | 38.77 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | (5.23) | (20.09) | (8.14) |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (5.23) | (20.09) | (8.14) |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | (7.02) | (27.51) | (13.62) |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after Tax) and other Comprehensive Income (after tax) | (7.02) | (27.51) | 464.58 |
| 6. | Equity Share Capital (face value of Rs.10/- per share) | 10.00 | 10.00 | 10.00 |
| 7. | Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs. 10/-each) for continuing and discontinuing operations) | | | |
| | Basic: | (0.70) | (2.75) | (1.36) |
| | Diluted: | (0.70) | (2.75) | (1.36) |

**Notes :**

1. The above is an extract of the detailed format of the standalone financial results for the quarter and year ended on 31st March,2021 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI(Listing Obligation and Disclosure Requirements)Regulations,2015.The full format of standalonefinancial results is available on the Stock Exchanges'websites-(www.msei.in) and the Company's website (www.firl.co.in) .
2. The above audited financial results were reviewed by the Audit Committee and thereafter approved at the meeting of the Board of Directors held on 29thJune, 2021.

By order of the Board of Directors For and on behalf of
Fortune Industrial Resources Limited
Sd/-
Nishant Goyal
Whole Time Director
DIN:08153024

Place : Delhi
Date : 29th June,2021



**GALLANTT**

**GALLANTT ISPAT LIMITED**

CIN: L27109DL2005PLC350523
Registered Office: "GALLANTT HOUSE", I-7, Jangpura Extension, New Delhi – 110014
Telefax: 011-41645392; E-mail ID: nitesh@gallantt.com Website: www.gallantt.com

**Extract of Statement of Financial Results for the quarter and year ended 31st March, 2021**

(₹ in Lakhs, except per share data)

| Sl. No. | Particulars | STANDALONE | | | | | CONSOLIDATED | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year Ended | | Quarter Ended | | | Year Ended | |
| | | 31-Mar-21 (Audited) | 31-Mar-20 (Audited) | 31-Dec-20 (Unaudited) | 31-Mar-21 (Audited) | 31-Mar-20 (Audited) | 31-Mar-21 (Audited) | 31-Mar-20 (Audited) | 31-Dec-20 (Unaudited) | 31-Mar-21 (Audited) | 31-Mar-20 (Audited) |
| 1 | Total income from operations | 41627.29 | 27219.30 | 29000.65 | 110976.65 | 105619.29 | 40660.73 | 27219.30 | 29010.15 | 110019.60 | 105619.29 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax and Exceptional items) | 5504.57 | 3754.75 | 4587.84 | 13569.13 | 6488.19 | 4517.29 | 3754.75 | 4596.84 | 12590.85 | 6488.19 |
| 3 | Net profit for the period (before Tax and after Exceptional items) | 5504.57 | 3754.75 | 4587.84 | 13569.13 | 6488.19 | 4517.29 | 3754.75 | 4596.84 | 12590.85 | 6488.19 |
| 4 | Net Profit from ordinary activities (after Tax and Exceptional Items) | 4239.46 | 3439.15 | 3430.52 | 10366.30 | 5812.42 | 4861.39 | 3251.40 | 4584.95 | 12341.34 | 6056.57 |
| 5 | Total comprehensive income for the period (after Tax) | 4323.45 | 3438.31 | 3433.53 | 10459.32 | 5824.46 | 4957.56 | 3248.21 | 4587.83 | 12446.15 | 6068.11 |
| 6 | Equity Share Capital | 2823.61 | 2823.61 | 2823.61 | 2823.61 | 2823.61 | 2823.61 | 2823.61 | 2823.61 | 2823.61 | 2823.61 |
| 7 | Earnings Per Share (in Rs.) of Rs 10 each (not annualised) | | | | | | | | | | |
| | a) Basic | 1.50 | 1.22 | 1.21 | 3.67 | 2.06 | 1.72 | 1.15 | 1.62 | 4.37 | 2.14 |
| | b) Diluted | 1.50 | 1.22 | 1.21 | 3.67 | 2.06 | 1.72 | 1.15 | 1.62 | 4.37 | 2.14 |

**Notes:**

1) The above financial results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held on 29th June, 2021.
2) The figures of the quarter ended 31 March 2021 and 31 March 2020 are the balancing figures between the audited figures in respect of the full financial year and the published year to date figures upto the third quarter of the respective financial years.
3) This is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the websites of NSE and BSE at ww.nseindia.com and www.bseindia.com respectively and also on the Company's website www.gallantt.com
4) Board has not recommended Dividend on the Equity Shares. Tax expenses include current tax, deferred tax and adjustment of taxes for the previous period, if any.
4) Previous period / year figures have been re-arranged / re-grouped, re-classified and restated wherever considered necessary.

Place: Gorakhpur
Date : 29th June, 2021

For and on behalf of the Board of Directors
C.P. Agrawal
Managing Director
(DIN:01814318)



**Morning Glory Leasing and Finance Limited**

CIN : L67120DL1984PLC018872 , Website: www.morninggloryleasing.in
Regd. Off: IRIS House, 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046.
Email Id: morninggloryleasing@gmail.com, Ph: 011- 4711 9100

**STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED ON MARCH 31, 2021** (₹ in lakhs)

| S. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | For the Quarter Ended on 31-03-2021 | For the Quarter Ended on 31-12-2020 | For the Quarter Ended on 31-03-2020 | For Year Ended on 31-03-2021 | For Year Ended on 31-03-2020 |
| 1 | Total income from Operations | 1.25 | 1.25 | 2.00 | 5.00 | 8.74 |
| 2 | Net Profit /(Loss) for the period (before Tax & Exceptional items) | (0.09) | 0.13 | 0.23 | 0.26 | 3.76 |
| 3 | Net Profit /(Loss) for the period (before Tax after Exceptional items) | (0.09) | 0.13 | 0.23 | 0.26 | 0.49 |
| 4 | Net Profit /(Loss) for the period (after Tax after Exceptional items) | (0.07) | 0.07 | (0.32) | 0.18 | (0.06) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit /(Loss) for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | 16.15 | 87.51 | (66.44) | 144.04 | (105.40) |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs.10/- each) | 24.90 | 24.90 | 24.90 | 24.90 | 24.90 |
| 7 | Earnings Per Share (of  10/- each) (For continuing and discontinued operations) (Not Annualised) | | | | | |
| | 1. Basic | 6.49 | 0.03 | (26.69) | 57.85 | (42.33) |
| | 2. Diluted | 6.49 | 0.03 | (26.69) | 57.85 | (42.33) |

Note:

1. The above results were reviewed and recommended by the Audit Committee and then approved by the Board of Directors at their meeting held on 30th June, 2021. The financial results for the Quarter and Year ended March 31, 2021 have been limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company.
2. The above is an extract of the detailed format of quaterly/annual financial results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarterly financial results is available on the stock exchange website (URL-www.msei.in) and also on above mentioned Company's website at https://www.morninggloryleasing.in.
3. There is no change(s) in accounting policies which impact(s) on the net profit / loss and total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4. Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of the Board of Directors of
Morning Glory Leasing & Finance Limited
Sd/-
Rajesh Bagri
Managing Director

Date : 30th June 2021
Place : New Delhi